<u>**Sixteenth Loksabha**</u>

an>

Title: Need to accord approval to the proposal of Government of Jharkhand for setting up of a steel plant in Chatra district, Jharkhand.

**श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा):** झारखंड में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेद्र मादी जी के समक्ष दिनांक 28 जून, 2015 को भारत सरकार और नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएमडीसीएल) के मध्य नए इस्पात संयंत्र की स्थापना के लिए समझौता हुआ था। एनएमडीसीएल द्वारा 24 सितम्बर, 2015 को 'झारखंड कोल्हान स्टील लिमिटेड' (जेके स्टील लिमिटेड) नाम से सब्सिडरी कंपनी बनाई गई। एनएमडीसीएल, हैदराबाद की एक टीम द्वारा चतरा में 2 दिसम्बर, 2015 को सर्वे किया गया। राज्य सरकार द्वारा 6 मई, 2015 को चतरा जिले में प्लांट लगाने के प्रस्ताव को एनएमडीसी के बोर्ड को भेजा गया एनएमडीसी बोर्डने 25 जुलाई, 2016 को एनएमडीसी एवं मेकॉन की उच्च स्तरीय टीम को चतरा जिले स्थल निरीक्षण के लिए भेजा। उच्च स्तरीय टीम ने चतरा के ऊंटा (लक्षणपुर गांव) में स्थल निरीक्षण के दौरान माना कि स्टील प्लांट के लिए यह स्थान बेहतर और उपयुक्त है। प्रस्तावित स्टील प्लांट के लिए आवश्यक 3100 एकड़ भूमि में से चतरा के लक्षणपुर गांव में 2800 एकड़ भूखंड उपलब्ध है, जिसमें वृहत भेड़ बकरा प्रजनन प्रक्षेत्र का 1665 एकड़ और करीब 1300 एकड़ गैर मजरूआ एवं वन भूमि है। शेष भूमि रैयती है। भूमि अधिग्रहण के तहत मात्र चार गांव प्रभावित होंगे। इन गांवों के रैयत भी प्लांट के लिए जमीन देने के लिए तैयार है। यहाँ पर परियोजना के लिए प्रारंभिक संसाधन उपलबध है। बुनियादी चीजों में जमीन, पानी, कोयला, यातायात और बिजली जैसे उक्त सभी संसाधन उपलब्ध है।

चतरा जिला प्रशासन द्वारा 11 नवम्बर, 2016 को चतरा सदर प्रखंड के ऊंटा (लक्षणपुर गांव) स्थित वृहद भेड़-बकरा प्रजन्न क्षेत्र की 1523.38 एकड़ भूमि उद्योग विभाग को हस्तांतरित करने की अनुशंसा भेजी जा चुकी है। इसके उपरान्त राज्य सरकार द्वारा विस्तृत रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजी जा चुकी है। झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास जी द्वारा 5 दिसम्बर, 2016 को चतरा में शीघ्र स्टील प्लांट लगाने के लिए कहा गया। दिनांक 27 दिसम्बर, 2016 को रांची में एनएमडीसी की एक उच्च स्तरीय बैठक हुई थी।

विगत दो साल से कई बैठकें हो चुकी हैं। प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण, वस्तुस्थिति रिपोर्ट भूमि स्थानांतरण की प्रक्रिया राज्य सरकार से प्रस्ताव आदि हो चुका है, परन्तु परियोजना केंद्र सरकार के स्तर पर लंबित है। चतरा जिला

को एक औद्योगिक शहर के रूप में विकसित करने की बहुत संभावनाएं मौजूद हैं। इस क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों को भंडार है तथा उद्योगों की स्थापना के लिए पर्याप्त भूमि भी उपलब्ध है। अतः मैं भारत सरकार के खान एवं इस्पात मंत्री जी से मांग करता हूँ कि मंत्रालय द्वारा एनएमडीसीएल को चतरा में स्टील प्लांट लगाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की जाए और अधिसूचना जारी की जाए और शीघ्र तिथि निर्धारित करके प्लांट का शिलान्यास और निर्माण कार्य शुरू करवाया जाए।